CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 5:54 बजे




सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 6:57 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 215 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 19 फरवरी 2025

अर्जुन कपूर करना चाहते हैं...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### अज्ञात वाहन से भिड़ी कार तीन सदस्यों की मौत

**लखनऊ।** आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में दिल्ली के रहने वाले परिवार की तीन सदस्यों की मौत हो गई। ये परिवार मूलरूप से बिहार का रहने वाला है, जो कुंभ स्नान कर लौट रहे थे। आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बुधवार सुबह भीषण हादसा हो गया। इस हादसे में दिल्ली के रहने वाले परिवार की तीन सदस्यों की मौत हो गई। ये परिवार मूलरूप से बिहार का रहने वाला है, जो कुंभ स्नान कर लौट रहे थे।

### सात जिलों में आज हल्की बारिश के आसार

**देहरादून।** मौसम विभाग की ओर से दून समेत सात जिलों में आज हल्की बारिश के आसार बताए गए हैं। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज (बुधवार) हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत उत्तरकाशी, टिहरी, बागेश्वर, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने के आसार जताए गए हैं। हालांकि प्रदेश के अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

### प्रदेश में सशक्त भू कानून पर लगी मुह

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा सत्र के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें प्रदेश में सशक्त भू-कानून पर मुहर लग गयी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए आज कैबिनेट ने सख्त भू-कानून को मंजूरी दे दी है, यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारी सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हम कभी भी उनके विश्वास को टूटने नहीं देंगे। इस निर्णय से यह स्पष्ट हो जाता है कि हम अपने राज्य और संस्कृति की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा।

## 43 विभागों में कई योजनाएं इस साल पकड़ेंगी और रफ्तार

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने अभिभाषण से राज्य सरकार की उपलब्धियों व प्राथमिकताओं को बताया। प्रदेश के सुदूरवर्ती, लघु एवं सीमांत किसानों तक कृषि यंत्र पहुंचाने के लिए 3398 फार्म मशीनरी बैंक स्थापित किए गए हैं। चमोली, रुद्रप्रयाग, पौड़ी, बागेश्वर व चंपावत में कीवी मिशन को लागू किया जा रहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने अभिभाषण से सशक्त उत्तराखंड के लिए विकास की तस्वीर बयां की। साथ ही हर क्षेत्र में



विकास के लिए राज्य के बढ़ते कदमों का जिक्र किया। उन्होंने 43 विभागों की उपलब्धियों को गिनाया। अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा, मुख्यमंत्री घस्यारी कल्याण योजना के तहत पशुपालकों, पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाओं को पशु आहार वितरण किया जा रहा है। इसके अलावा पैक्स को उर्वरक खुदरा विक्रेता के रूप में विकसित करने के मकसद से 460 पैक्स समितियों में प्रधानमंत्री समृद्धि केंद्र खोले गए। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने 14,654 विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किए। 3421 व्यक्तियों को निशुल्क कानूनी सहायता दी गई। 13,313 को निशुल्क कानूनी परामर्श दिया गया। राज्य सरकार ने निशुल्क शूटिंग व्यवस्था और आकर्षक फिल्म नीति लागू की है। शूटिंग की अनुमति सिंगल विंडो के माध्यम से दी जा रही है। उत्तराखंड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना आठ जिलों के 13 विकासखंडों में चयनित 1005 राजस्व ग्रामों में संचालित हो रही है। आबकारी विभाग बाहरी प्रदेशों से शराब की तस्करी व अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए ट्रैक एंड ट्रेस प्रणाली लागू करने जा रहा है। असंगठित क्षेत्र के कामगारों का एकीकृत राष्ट्रीय डाटा बेस तैयार करने के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण प्रक्रिया जारी रहेगी। ईएसआईसी के तहत पंजीकृत लाभार्थियों व आश्रितों को धनवंतरी मॉड्यूल के माध्यम से चिकित्सा सुविधाएं दे जा रही हैं। देहरादून के गुनियाल गांव में शौर्य स्थल का निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा। पंचायती राज विभाग की ओर से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों में गति लाने के लिए ई-निविदा के माध्यम से 95 ब्लॉक में कॉम्पैक्टर लगाए जा रहे हैं, 88 लग चुके हैं।

नेता प्रतिपक्ष सहित कांग्रेस विधायकों का धरना

## ऐतिहासिक: कैबिनेट में भू-कानून पर लगी मुहर

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश की जनता की लंबे समय से उठ रही मांग और उनकी भावनाओं का पूरी तरह सम्मान करते हुए आज कैबिनेट ने सख्त भू-कानून को मंजूरी दे दी है। यह ऐतिहासिक कदम राज्य के संसाधनों, सांस्कृतिक धरोहर और नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करेगा, साथ ही प्रदेश की मूल पहचान को बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

हमारी सरकार जनता के हितों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और हम कभी भी उनके विश्वास को टूटने नहीं देंगे। इस निर्णय से यह स्पष्ट हो जाता है कि हम अपने राज्य और संस्कृति की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे। निश्चित तौर पर यह कानून प्रदेश के मूल स्वरूप को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगा। सीएम धामी ने विपक्ष पर तंज कर कहा कि एक तरफ आप कहते हैं कि सदन की अवधि बढ़ाई जानी चाहिए। वहीं, सदन की जो




अवधि रखी गई उसमें भी आप चर्चा नहीं करते हैं। जो समय राज्य के विकास के लिए चर्चा में लगाया जाना चाहिए, उसे हो-हल्ला करके नष्ट करते हैं। राज्य के संसाधन खराब करते हैं।

राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों के आचरण और नोक-झोंक को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया। उन्होंने कहा कि ऐसा आचरण हमारी संस्कृति का हिस्सा नहीं है। सदन में महिला विधायक भी हैं और पूरे राज्य की नजर सदन की कार्यवाही पर होती है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में सदन में विपक्ष के रवैये को लेकर पूछे गए सवाल पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि सदन की गरिमा है। पक्ष-विपक्ष मिलकर सदन चलाते हैं। यह पक्ष-विपक्ष की जिम्मेदारी है कि सदन ठीक से चले।

## अल्मोड़ा से काम की तलाश में आया व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

दीपोत्सव

● पुलिस ने शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए मोर्चरी भेजा

काम की तलाश में अल्मोड़ा से रुद्रपुर आये एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। मृतक रात को खाना खाकर सोया और उसके बाद नहीं उठा।

सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को मोर्चरी भेजा है। पुलिस के मुताबिक नौगांव जैती अल्मोड़ा निवासी 49 वर्षीय त्रिलोक सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह मंगलवार को काम की तलाश में सिडकुल आया था। काम नहीं मिलने पर उसने सिडकुल की एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने वाले अपने परिचित चंदन सिंह से संपर्क किया और काम मिलने तक कमरे में आसरा मांगा। शाम को त्रिलोक सिंह चंदन सिंह के कमरे में चला गया। रात को वह खाना खाकर सो गया। सुबह चंदन ड्यूटी के लिए निकला तो त्रिलोक कमरे में ही सो रहा था, बाद में परिजनों ने उसे उठाया तो वह उठा नहीं। इस पर परिजनों ने चंदन को सूचित किया। त्रिलोक को आनन-फानन में सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना पर सिडकुल पुलिस चौकी से एसआई मोहन सिंह मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया। मृतक के पास बैग में उसका आधार कार्ड,पेन कार्ड मिला। तब उसकी शिनाख्त हुई। पुलिस का कहना है कि मृतक के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। मोबाइल में लाक लगा है।



## खत्याड़ी गांव में आपसी संघर्ष में तेंदुए की मौत

**अल्मोड़ा**
हमारे संवाददाता

नगर के खत्याड़ी गांव में मंगलवार को एक तेंदुआ मृत मिला। बताया गया है कि तेंदुए के शरीर पर नाखून आदि के निशान थे जिससे उसके आपसी संघर्ष में मारे जाने की बात कही गई है।


पोस्टमार्टम के बाद उसके शव जला दिया गया है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि आपसी संघर्ष में दूसरा तेंदुआ भी घायल हुआ होगा। वन विभाग की टीम उसकी गतिविधि का पता लगाने में जुट गई है। वन क्षेत्र अल्मोड़ा के अंतर्गत खत्याड़ी गांव के पास मंगलवार सुबह एक तेंदुए का शव मिला। पहले सूचना आई कि किसी वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है।

सूचना मिलते ही वनकर्मी मौके पर पहुंचे। रेंजर मोहन राम आर्या ने बताया कि मृत नर तेंदुए की उम्र एक साल थी, जबकि लंबाई 1.64 मीटर थी। उन्होंने बताया कि दो पशु चिकित्सकों की मौजूदगी में उसके शव का पोस्टमार्टम किया गया। उन्होंने बताया कि तेंदुए के शरीर में कई स्थानों पर नाखून के निशान और घाव थे। इसके चलते तेंदुए के आपसी संघर्ष में मारे जाने की आशंका है।

## रामलीला मैदान में नए मुख्यमंत्री का होगा शपथ ग्रहण, तैयारियां पूरी

**नई दिल्ली**
एजेंसी

20 फरवरी को शाम 4.30 बजे दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण होना था। लेकिन अब यह कार्यक्रम दोपहर 12.00 बजे होगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए भाजपा का निमंत्रण पत्र सामने आ गया है। कल सीएम के साथ मंत्री भी शपथ लेंगे। कल दिल्ली के सीएम का शपथग्रहण कार्यक्रम रामलीला मैदान में होगा है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए भाजपा का निमंत्रण पत्र सामने आ गया है। निमंत्रण पत्र के मुताबिक कार्यक्रम गुरुवार दोपहर को 12 बजे शुरू होगा। सीएम के साथ मंत्री भी शपथ लेंगे। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा, अरविंद केजरीवाल सिद्धारमैया की तरह ही केंद्र सरकार पर आरोप लगाते थे। जनता ने



उन्हें सबक सिखाया। डबल इंजन का सरकार दिल्ली की हालत सुधारेगी, क्योंकि देश ही नहीं पूरी दुनिया की निगाहें इस पर हैं। यह देश का पावर सेंटर है। मुख्यमंत्री कोई भी हो, मुझे खुशी है कि मुख्यमंत्री बीजेपी से होगा। मुख्यमंत्री पद के लिए तो कई विधायक दौड़ में हैं, लेकिन आखिरी फैसला बुधवार को विधायक दल की बैठक में लिया जाएगा। इसके बाद उपराज्यपाल वीके सक्सेना से मुलाकात कर भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने का प्रस्ताव पेश करेगी। उन्हें नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों की सूची भी सौंपी जाएगी। इसके बाद उपराज्यपाल प्रस्ताव को राष्ट्रपति के पास स्वीकृति के लिए भेजेंगे। रामलीला मैदान में भाजपा के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह की तैयारियां पूरी हो गई हैं। हालांकि, अगला मुख्यमंत्री कौन होगा इसे लेकर अभी भी मंथन जारी है। बुधवार शाम को इससे पर्दा उठने की उम्मीद है।

# चार दिनी आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट शिल्प कार्यशाला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में चल रहे चार दिनी आर्ट एण्ड क्रॉफ्ट शिल्प कार्यशाला का मंगलवार को विधिवत समापन हो गया।

बता दें कि आर्ट एण्ड क्राफ्ट कार्यशाला के तहत मंगलवार को चतुर्थ दिवस सभी प्रतिभागी गुरुजनों के द्वारा रंगकर्मी/ लोक कलाकार तथा स्वतंत्र छायाकार बृजमोहन जोशी, डा. विनीत बैरागी तथा विशन राम के विशेष दिशा निर्देशन में लोक शिल्प/ पारम्परिक लोक चित्र कला ऐपण/बांस व रिंगाल तथा पिरूल की मदद से विभिन्न वस्तुओं का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत डायट कार्यालय के भवन में उन्हें प्रदर्शित किया गया।

चार दिवसीय कार्यशाला के समापन के मौके पर प्राचार्य डायट सुरेश चंद्र आर्य,ब्रजेश कुमार



जोशी, ललित प्रसाद तिवारी, डा. आरती जैन, डा. विमल किशोर, डा. सुमित पाण्डे, डा. शैलेन्द्र धपोला, रेखा तिवारी, डा. संजय गुरूरानी, डा.पी.एस. बुंगला, डा. हेम चन्द तिवारी, राजेश कुमार पाण्डे, तनुजा, हरीश सिंह बिष्ट, मनोज चौधरी, समन्वयक ज्योतिर्मय मिश्र द्वारा सेली ( आरती) को प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत रंगकर्मी बृजमोहन जोशी,बिशन राम तथा हेमा अधिकारी, मोहम्मद सरफ राज अंसारी द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। इसके उपरांत डायट विभाग परिवार के द्वारा सभी प्रशिक्षक शिक्षकों/ शिक्षिकाओं तथा प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। बता दें कि कार्यशाला 15 से 18 फरवरी तक कार्यानुभव विभाग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल नैनीताल द्वारा आयोजित कि गयी। इस कार्यशाला का निर्देशन एससीईआरटी उत्तराखंड द्वारा किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागी शिक्षकों/ शिक्षिकाओं रीता सूरी, प्रमिला पाल पिलख्वाल, अनीता पाठक, जया अधिकारी, लक्ष्मी काला, रतन लाल, प्रकाश चन्द्र आर्य, राकेश कुमार, योगेश कुमार, ओम प्रकाश, ललित कुमार, शैलेश कुमार, मंजुली देवी, गणेश सिंह बिष्ट, विपिन चन्द्र आर्य, भावना, गुंजन जोशी, रतन लाल,राकेश कुमार जोशी, मोहम्मद शाबाद, विजय प्रसाद, रवि शंकर, ललित शर्मा, पंकज दरमवाल, गीतांजलि गोस्वामी, अनुराग पलड़िया, महेश चंद्र काण्डपाल, मोहम्मद सरफ राज अंसारी ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक प्रवक्ता डॉ ज्योतिर्मय मिश्र द्वारा किया गया।

## NEWS / फटाफट

### मांगों को लेकर छठे दिन भी जारी रहा प्रदर्शन

**नैनीताल।** प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त से जुड़े सभी वन आरक्षियों ने विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को लगातार छठे दिन वन संरक्षक दफ्तर प्रांगण में धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों के समर्थन में दिनभर नारेबाजी की। दूसरी ओर आंदोलित संगठन के नेताओं के मुताबिक मंगलवार को मुख्य वन संरक्षक (कुमाऊं) डा. धीरज पांडे व वन संरक्षक टी आर बीजूलाल द्वारा मुख्य मांग वर्ष 2016 नियमावली को दुबारा लागू करना व वन आरक्षी के कंधे पर एक स्टार लगाने संबंध में धरना प्रदर्शन स्थल में आकर उक्त मांगों के संबंध में आश्वासन दिया गया व जल्द ही निर्णय आने की बात कही गई है। इस मौके पर अतुल भगत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नंदा प्रसाद अध्यक्ष नैनीताल वन प्रभाग, नितिन पाण्डेय अध्यक्ष भूमि संरक्षण वन प्रभग, दीपक बिष्ट, राजेंद्र वर्मा, नरेश भट्ट, मनप्रीत सिंह, कमलेश तिवारी, संदीप सिंह, बबिता आर्या, चित्रा जोशी, ज्योति जोशी, गोविंद बिष्ट तथा मुन्नी दानू आदि मौजूद रहे।

### ज्योलीकोट व वीरभट्टी क्षेत्र में बाघ का आतंक

**नैनीताल।** जिले के भीमताल ब्लाक के ज्योलीकोट व वीरभट्टी तथा तल्ला चर्ता तोक आदि कई क्षेत्रों में इन दिनों बाघ का आतंक मचा हुआ है जिसकी वजह से क्षेत्रवासियों में भय का माहौल बना हुआ है। बता दें कि बाघ के आंतक से ग्रामीण जन डर के कारण सहमे हुए हैं। ग्रामीण शाम चार बजे के बाद घर से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। वीरभट्टी तथा तल्ला चर्ता तोक में पान सिंह नेगी के घर के पास बाघ ने अपना ठिकाना बना रखा है। करीब 6 महीने पूर्व वीरभट्टी छीड़ा तोक में प्रकाश आर्य के खच्चर को बाघ ने मार दिया था उसके बाद देवलढुंगा में बकरी को निवाला बनाया। पन्द्रह दिन पूर्व चर्ता गॉव में पान सिंह के खच्चर को बाघ ने मार दिया। पान सिंह का कहना है कि बाघ के साथ दो शावक भी हैं। बाघ ने खच्चर को खाने में हसे भर का समय लगाया और उसके बाद उनकी बकरी मार दी। रविवार की शाम को कुत्ते पर झपट गया लेकिन कुत्ता उसकी चंगुल से बच गया जो गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है।

### 28 तक ऑनलाइन माध्यम तक आवेदन

**नैनीताल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीयमुक्त विश्वविद्यालय जनवरी 2025 के प्रवेश चक्र में भूगोल में एमएससी कार्यक्रम प्रदान कर रहा है जिसके लिए अंतिम तिथि 28 फरवरी 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र देहरादून के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार डिमरी ने बताया कि कार्यक्रम सेमेस्टर आधारित कार्यक्रम है जिसे भूगोल और कई क्षेत्रों में इसके अभ्यास का गहन ज्ञान प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह भूगोल और भू-स्थानिक अनुप्रयोगों के क्षेत्र में शिक्षण और उन्नत अनुसंधान के लिए आवश्यक कौशल से शिक्षार्थियों व छात्रों को लैस करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

### क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल शुभारंभ

**नैनीताल।** जिले के भवाली में युवा एकता मंच की ओर से कराए जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में बतौर मुख्य अतिथि नगर की वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व दर्जा राज्य मंत्री खष्टी बिष्ट एवं सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे ने रिबन काटकर सेमीफाइनल का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि खष्टी बिष्ट एवं नरेश पांडे ने खिलाडियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से जहां युवाओं को अपने प्रतिभा मनवाने का एक अवसर लगातार चार वर्षो से भवाली में युवा एकता मंच द्वारा किया जा रहा है, यह बहुत ही सराहनीय कार्य है।

### एनवाईएस की टीम ने तीता मुकाबला मुकाबला

**नैनीताल।** नगर के डीएसए मैदान में मक्कार स्पोर्ट्स ग्रुप की ओर से आयोजित विकास जोशी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत फाइनल मुकाबला एनवाईएस और न्यू चैलेंजर की टीमों के बीच खेला गया जिसमें एनवाईएस की टीम मुकाबला जीतकर विजयी रही। मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कविता गंगोला और विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी आशीष बजाज ने विजेता व उप विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में मैन ऑफ द मैच वंश कनौजिया जबकि मेन ऑफ द सिरीज दीपक कनवाल वहीं बेस्ट बैट्समैन सैयद रियान, बेस्ट फ िल्डर रोहित कनवाल तथा बेस्ट बॉलर वंश कनौजिया तथा बेस्ट विकेट कीपर दुर्गेश भट्ट रहे।



# होटल शेरवानी हिल टॉप परिवार ने चलाया सफाई अभियान

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के होटल शेरवानी हिल टॉप परिवार ने मंगलवार को पॉलिटेक्निक रोड से सत्यनारायण मंदिर तक विशेष सफाई अभियान चलाया।

अभियान के दौरान होटल प्रबंधन के मार्केटिंग मैनेजर जे.एस. बिष्ट ने बताया की शेरवानी होटल द्वारा एक कदम सफ ई के तहत समय समय पर सफ ाई अभियान चलाया जा रहा है तथा लोगों को जागरूक भी किया गया। होटल द्वारा समय समय पर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन किया जाता है।

सफाई अभियान में लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि कूड़े को कूड़ेदान में फेंका जाएं, कूड़ा इधर उधर फेंकने से पर्यावरण दूषित होता है, पर्यावरण संरक्षण एवं वातावरण को साफ सुथरा रखने के लिए अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को विशेष महत्व देना चाहिए। इस दौरान वित्त प्रबंधक एम.पी.एस. अधिकारी,मैनेजर दिनेश पालीवाल समेत दीपक चायसर, कृष्णा प्रसाद, गणेश, विजय तथा कुंदन समेत अन्य लोग मौजूद रहें।

# मल्लीताल में बेतरतीब खड़े वाहनों का ऑनलाईन चालान काट कार्रवाई की

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के मल्लीताल क्षेत्र में सड़क के किनारे दोपहियां वाहन पार्क करने वालों की अब खैर नहीं है। पुलिस की ओर से अभियान चलाकर ऑनलाईन चालान करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मल्लीताल पुलिस ने दर्जनों बाइकों का ऑनलाइन चलान काट कार्रवाई की है।

बता दें कि मल्लीताल में पुलिस सहायता केंद्र से गाड़ी पड़ाव क्षेत्र तक सडक़ को लोगों ने पार्किंग स्थल बना दिया है। इन दिनों इस क्षेत्र में लगभग 100 से ज्यादा टैक्सी व निजी बाइक पार्क हो रही हैं। जिसके चलते लोगों को बीच सडक़ चलना पड़ रहा है। ऐसे में सडक़ हादसों का खतरा बना हुआ है। जिसका संज्ञान लेते हुए पुलिस ने अब सडक़ किनारे से बाइकों को हटाने का काम शुरू कर दिया है। मंगलवार को एसएसआई दीपक बिष्ट ने टीम के साथ मुनादी कर सडक़ किनारे पार्क बाइकों को हटाने के निर्देश दिए।

जब लोगों ने बाइकें नहीं हटाई तो उन्होंने ऑनलाईन चालान करना शुरू कर दिया। उन्होंने पुलिस सहायता केंद्र गाड़ी पड़ाव क्षेत्र तक पार्क 30 वाहनों का ऑन लाईन और 22 के नकद चालान किए। बताया कि अभियान लगातार चलाया जाएगा।



**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# कुमाऊं विश्वविद्यालय में मत्स्य पालन पर सकारात्मक परिणाम

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के विशेष मकसद से अपनाई गई जैव फ्लॉक तकनीक के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। हाल ही में इस तकनीक के माध्यम से उत्पादित 30 किलोग्राम मछली का सफल विक्रय किया गया जो एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

बता दें किजैव फ्लॉक तकनीक जल की गुणवत्ता बनाए रखते हुए सीमित स्थान में अधिक मछली उत्पादन की क्षमता प्रदान करती है। इस पद्धति के माध्यम से विश्वविद्यालय में मत्स्य पालन को व्यावसायिक दृष्टि से भी लाभप्रद बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इस सफ लता से प्रेरित होकर भविष्य में उत्पादन और विक्रय को और अधिक बढ़ाने की योजना बनाई जा रही है।

नैनीताल वास्तव में यह एक उन्नत जल कृषि तकनीक है, जिसमें माइक्रोबियल फ्लॉक्स के माध्यम से पानी की गुणवत्ता को नियंत्रित किया जाता है और पोषक तत्वों का पुनः उपयोग किया जाता है। इससे पारंपरिक मत्स्य पालन की तुलना में कम जल और अधिक उत्पादन संभव हो पाता है।

कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना तीन प्रमुख उद्देश्यों को ध्यान में रखकर की गई थी। पहला हमारे विद्यार्थियों को जैव फ्लॉक तकनीक के माध्यम से सतत मछली पालन का प्रशिक्षण देना, दूसरा नैनीताल की विलुप्त हो चुकी स्थानीय मछली स्नो ट्राउट को पुनर्जीवित करना और तीसरा उन सभी लोगों को प्रशिक्षित करना जो आत्मनिर्भरता के लिए इस तकनीक का उपयोग करना चाहते हैं।

# आर्ट एण्ड क्राफ्ट शिल्प कार्यशाला का समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के भीमताल स्थित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में चल रहे चार दिनी आर्ट एण्ड क्राफ्ट शिल्प कार्यशाला का मंगलवार को विधिवत समापन हो गया।

बता दें कि आर्ट एण्ड क्राफ्ट कार्यशाला के तहत मंगलवार को चतुर्थ दिवस सभी प्रतिभागी गुरुजनों के द्वारा रंगकर्मी/ लोक कलाकार तथा स्वतंत्र छायाकार बृजमोहन जोशी, डा. विनीत बैरागी तथा विशन राम के विशेष दिशा निर्देशन में लोक शिल्प/ पारम्परिक लोक चित्र कला ऐपण/बांस व रिंगाल तथा पिरूल की मदद से विभिन्न वस्तुओं का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत डायट कार्यालय के भवन में उन्हें प्रदर्शित किया गया। चार दिवसीय कार्यशाला के समापन के मौके पर प्राचार्य डायट सुरेश चंद्र आर्य,ब्रजेश कुमार जोशी, ललित प्रसाद तिवारी, डा. आरती जैन, डा. विमल किशोर, डा. सुमित पाण्डे, डा. शैलेन्द्र धपोला, रेखा तिवारी, डा. संजय गुरूरानी, डा.पी.एस. बुंगला, डा. हेम चन्द तिवारी, राजेश कुमार पाण्डे, तनुजा, हरीश सिंह बिष्ट, मनोज



चौधरी, समन्वयक ज्योतिर्मय मिश्र द्वारा सेली ( आरती) को प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत रंगकर्मी बृजमोहन जोशी,बिशन राम तथा हेमा अधिकारी, मोहम्मद सरफ राज अंसारी द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए गए। इसके उपरांत डायट विभाग परिवार के द्वारा सभी प्रशिक्षक शिक्षकों/ शिक्षिकाओं तथा प्रशिक्षकों को सम्मानित किया गया। बता दें कि कार्यशाला 15 से 18 फरवरी तक कार्यानुभव विभाग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल नैनीताल द्वारा आयोजित कि गयी। इस कार्यशाला का निर्देशन एससीईआरटी उत्तराखंड द्वारा किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागी शिक्षकों/ शिक्षिकाओं रीता सूरी, प्रमिला पाल पिलख्वाल, अनीता पाठक, जया अधिकारी, लक्ष्मी काला, रतन लाल, प्रकाश चन्द्र आर्य, राकेश कुमार, योगेश कुमार, ओम प्रकाश, ललित कुमार, शैलेश कुमार, मंजुली देवी, गणेश सिंह बिष्ट, विपिन चन्द्र आर्य, भावना, गुंजन जोशी, रतन लाल,राकेश कुमार जोशी, मोहम्मद शाबाद, विजय प्रसाद, रवि शंकर, ललित शर्मा, पंकज दरमवाल, गीतांजलि गोस्वामी, अनुराग पलड़िया, महेश चंद्र काण्डपाल, मोहम्मद सरफ राज अंसारी ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक प्रवक्ता डॉ ज्योतिर्मय मिश्र द्वारा किया गया।

# अभिमत



## भारत का मुकुट मणि

*हिमालयी राज्य उत्तराखंड को चारधाम व अनेक धर्मस्थल होने से देवभूमि कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड को 'भारत का मुकुट मणि' बताते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया है और पलायन को सिर्फ राज्य की समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में समाधान की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देश की सीमा के आखिरी गांव को प्रथम गांव बताते हुए विकसित करने पर बल दिया था। सीमावर्ती क्षेत्र निर्जन होने पर देश की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है।*

किसी भी राज्य में अनेक समस्याओं का होना मामूली बात है, परन्तु समाधान करते समय केन्द्र बिन्दु की समस्या को प्राथमिकता देने का प्रयास किया जाता है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड को चारधाम व अनेक धर्मस्थल होने से देवभूमि कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड को 'भारत का मुकुट मणि' बताते हुए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण बताया है और पलायन को सिर्फ राज्य की समस्या नहीं, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में समाधान की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देश की सीमा के आखिरी गांव को प्रथम गांव बताते हुए विकसित करने पर बल दिया था। सीमावर्ती क्षेत्र निर्जन होने पर देश की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। पलायन से सीमावर्ती के साथ ही पूरा पर्वतीय क्षेत्र खाली होता जा रहा है। एक सर्वे में उत्तराखंड के सैकड़ों गांव के हर घर में ताले लगे पाये गये। रोजी-रोटी की तलाश में लोग पलायन कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने महानगरों तथा अन्य राज्यों में रोजगार के लिए पलायन नहीं करके पर्वतीय क्षेत्र में खेती तथा स्वरोजगार के साधन विकसित कर आत्मनिर्भर होने का सुझाव दिया है। उत्तराखंड को पिछड़ा राज्य कहना सरासर अनुचित है। नैसर्गिक सौंदर्य के साथ प्राकृतिक सम्पदा का अकूत भंडार है। जंगल में वृक्ष, अमूल्य जड़ी-बूटी के पौधे हैं। पर्वतीय क्षेत्र की जलवायु फलों की बागवानी के लिए उत्तम है। मैदानी क्षेत्र में शीतोष्ण फलों के उद्यान संभव नहीं हैं। मृदा वैज्ञानिकों से सर्वे कराकर क्षेत्र विशेष की भूमि और वातावरण के अनुकूल फलों के उद्यान विकसित किये जायें। फल प्रसंस्करण के लिए कुटीर उद्योग स्थापित किये जाने चाहिएं। इसी तरह पर्वतीय क्षेत्र की समतल भूमि पर कृषि को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। पूर्व सैनिकों और युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। उत्तराखंड में पूर्व सैनिकों की बहुलता है। सेना के साथ अन्य सुरक्षा बलों में नियुक्त होकर देश की रक्षा में योगदान को उत्तराखंड के युवा प्राथमिकता देते हैं। सेवानिवृत्त होने पर पूर्व सैनिक के रूप में उत्तराखंड में आकर रहते हैं। सुरक्षा बलों में नियुक्ति से वंचित युवा रोजगार के लिए पलायन करते हैं। स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराना सरकार के लिए कठिन नहीं है। पर्वतीय क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा का सदुपयोग करने से रोजगार के साथ राजस्व भी प्राप्त होगा।

# कर्मचारियों की मांग के संबंध में की चर्चा



**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में मंगलवार को निगम के नवनियुक्त महासंघ की कार्यकारिणी ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक विनीत तोमर व महाप्रबंधक विजय नाथ शुक्ल को पौधे के साथ ज्ञापन कार्यक्रम के तहत पौधा देकर नव नियुक्त कार्यकारिणी का परिचय कराया साथ ही कर्मचारियों की मांग के संबंध में विस्तार से चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने नियमितीकरण से पूर्व सभी संविदा कर्मचारियों को सम्मान कार्य का समान वेतन देने तथा वर्ष 2018 से कार्यरत संविदा कर्मचारियों का 3000 वेतन मानदेय बढ़ाने, संविदा कर्मचारियों की वरीयता सूची जारी करने तथा विभागीय प्रमोशन करने व सेवारत व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के ऐरियर तथा लंबित देयकों का भुगतान करने व निगम में स्थानांतरण नीति लागू करने सहित कर्मचारियों की मांगों पर वार्ता की।

प्रबंध निदेशक विनीत तोमर ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश कपकोटी, पीतांबर दुमका, गौतम कुमार, उपाध्यक्ष मंजुल प्रकाश संनवाल, रमेश चंद्र पंत, संतोष पंत, दीपक पांडे, गंगोत्री बिष्ट, सचिव रवि साह तथा कोषाध्यक्ष तारा दत्त भट्ट समेत धर्मानंद जोशी, वेद प्रकाश भट्ट व नरेंद्र थापा व अंजू गुप्ता उपस्थित रहे।

### तीसवीं बार अध्यक्ष बनने पर दिनेश गुरुरानी का स्वागत

**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के तीसवीं बार अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित होकर पर्यटक आवास गृह लोहाघाट में पहुंचने पर दिनेश गुरुरानी का जनपद चंपावत के जिलाध्यक्ष हरीश पुनेठा व महामंत्री नवीन भंडारी के नेतृत्व में कर्मचारियों ने स्वागत किया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि वर्ष 1995 में जब पहली बार कुमाऊं मंडल विकास निगम वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष बने तो संगठन की शुरुआत व गठन चंपावत स्थित रोजिन टरपनटाइन फैक्ट्री के कर्मचारियों के सहयोग से ही बने। उन्होंने आंदोलन की शुरुआत भी रोजिन टरपनटाइन फैक्ट्री चंपावत से ही की। कहा कि बिगत 30 वर्षों से जो प्यार और सहयोग कुमाऊं मंडल विकास निगम के कर्मचारीयों ने दिया है उसके भरोसे उनके कार्यकाल में वृहद स्तर पर नियमितीकरण व विभागीय प्रमोशन सहित निगम हित व कर्मचारी हित में कार्य हुए। इसी क्रम में मंगलवार को पौधारोपण आंदोलन के 228वें दिन पर्यटक आवास गृह लोहाघाट परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया।

### संयुक्त कर्मचारी महासंघ केएमवीएन नैनीताल की कार्यकारिणी का गठन

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम के अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में मंगलवार को निगम की नैनीताल जिले की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से पर्यटक आवास गृह मोहान के महेश चंद्र को अध्यक्ष जबकि पर्यटक आवास गृह सूखाताल के देवेंद्र रावत को महामंत्री व पर्यटक आवास गृह परिचय के नरेश वारियाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही नीरज आर्या व भुवन चौधरी को संगठन मंत्री, गोपाल चंद्र व ललित सहाय को प्रचार मंत्री, केदार सिंह ढैला को संयोजक, राहुल आर्या,अंजु गुप्ता सिंह,मानवेंद्र सिंह रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष,इमरान वेग,अर्जुन बोरा व मुकेश आर्या को उपाध्यक्ष के साथ ही सचिव की जिम्मेदारी दीपक जोशी,गौरव सिंह,हरीश आर्या को सौंपी गयी। इधर संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण आंदोलन 228 वे दिन भी जारी रहा।

# कुमाऊं विवि के पांच शोधार्थियों का लोक सेवा आयोग से सहायक प्रोफेसर के पद के लिए चयन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**





कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर नैनीताल के इतिहास विभाग के पांच शोधार्थियों का लोक सेवा आयोग द्वारा इतिहास विषय में सहायक प्रोफेसर के पद के लिए चयन किया गया है। दूसरी ओर विभाग के साथ ही कुमाऊं विवि परिवार ने इन सभी शोधार्थियों को उनकी इस अहम उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय घिल्डियाल के मुताबिक इतिहास विभाग की शोधार्थी डॉ. निशा और डॉ. रेखा ने अपना शोधकार्य प्रो. सावित्री कैड़ा जंतवाल के निर्देशन में पूरा किया वहीं डॉ. गौरव कुमार ने अपना शोध डॉ. रीतेश साह के मार्गदर्शन में वहीं डॉ. गणेश मठोलिया ने प्रो. गिरधर सिंह नेगी के निर्देशन में जबकि डॉ. इंदु मेहता ने प्रो. अजय सिंह रावत के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय घिल्डियाल, प्रो. सावित्री कैडा जंतवाल, प्रो. संजय टम्टा, डॉ. रीतेश साह, डॉ. शिवानी रावत, डॉ. मनोज बफि ला, इतिहास विभाग के शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने चयनित शोधार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इसके साथ ही कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत व कुल सचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल समेत डीएसबी परिसर के निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा, कुमाऊँ विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी व महासचिव डा.विजय कुमार समेत कूटा परिवार और अन्य विभागों के गुरुजनों ने भी चयनित सहायक प्रोफेसरों को शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## फिल्मी दुनिया

# अर्जुन कपूर करना चाहते हैं ज्यादा कॉमेडी फिल्में



*मंगलवार को अर्जुन कपूर अपनी आने वाली फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' के प्रमोशन के लिए दिल्ली पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ फिल्म के दूसरे एक्टर्स भी मौजूद थे। प्रमोशन के दौरान अर्जुन कपूर ने ख्वाहिश जताई कि वह आने वाले समय में ज्यादा कॉमेडी फिल्में करना चाहते हैं।*

*मुदस्सर अजीज निर्देशित फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' का प्रमोशन करने के लिए अर्जुन कपूर दिल्ली पहुंचे थे। इस मौके पर उनके साथ स्टैंडअप कॉमेडियन हर्ष गुजराल, एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर, रकुल प्रीत सिंह भी नजर आईं। फिल्म की स्टार कास्ट ने मीडिया से फिल्म को लेकर बातचीत की। इस दौरान अर्जुन कपूर ने कॉमेडी फिल्मों की अहमियत पर बात की। अर्जुन कपूर कहते हैं, 'कॉमेडी जॉनर फैमिली ऑडियंस के लिए जरूरी है। कॉमेडी फिल्मों को दर्शक पसंद करते हैं, इन्हें देखने थिएटर आते हैं। अगर हम लोगों को हंसाते हैं और वे इससे अच्छा महसूस करते हैं, तो इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है? मैंने रोमांटिक-कॉमेडी फिल्में की हैं, ड्रामा फिल्में भी की हैं, एक्शन फिल्मों में भी काम किया है। लेकिन अब मैं ज्यादा कॉमेडी फिल्मों की इच्छा रखता हूं।*

### हर्ष गुजराल फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हैं

*फिल्म 'मेरे हसबैंड की बीवी' के प्रमोशन के दौरान स्टैंडअप कॉमेडियन हर्ष गुजराल भी मौजूद थे। वह इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म का हिस्सा बनकर वह काफी खुश दिखे। हर्ष कहते हैं, 'मैं पहली बार फिल्म कर रहा हूं, यह सपने के सच होने जैसा है। मैंने आठ साल स्टैंडअप कॉमेडी की है। इतने सालों की मेरी मेहनत, बड़े पर्दे पर भी दर्शकों को नजर आएगी। फिल्म में भूमि पेडनेकर भी हैं, वह अर्जुन कपूर की पत्नी के रोल में हैं। वह बताती हैं कि हर्ष को एक डांस स्टेप नहीं आ रहा था। ऐसे में उन्होंने अर्जुन को वो डांस स्टेप करते देखा, उसे फोन में रिकॉर्ड और फिर सारी रात प्रैक्टिस की। अगले दिन हर्ष को वो डांस स्टेप अच्छे से आता था।*

# शोध छात्र डॉ नवीन चंद्र का साइंटिस्ट सी के पद पर चयन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के शोध छात्र डॉ नवीन चंद्र का चयन पंडित गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान में साइंटिस्ट सी के पद पर चयन हुआ है । डॉ नवीन चंद्र द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिया गया हैं । डॉ नवीन ने डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रॉफ ललित तिवारी तथा उत्तराखंड स्पेस सेंटर देहरादून के डॉ गजेन्द्र सिंह के निर्देशन में अपनी पीएचडी डिस्ट्रिब्यूशन अवेलेबिलिटी एंड थ्रेट टू मेडिसिंस एंड एरोमेटिक प्लांट इन इंडियन अल्पाइन हिमालय विषय में पूर्ण की तथा वर्तमान में एस एस जे विश्वविधालय के अल्मोड़ा परिसर में गेस्ट फैकल्टी वनस्पति के रूप में कार्य कर रहे थे । डॉ नवीन चंद्र मेधावी एवं मेहनती है तथा हिमालय के उच्च क्षेत्रों में अध्यनरत है । डॉ नवीन के अब तक 40 शोध पत्र ,8 बुक चैप्टर ,2 एडिटेड बुक ,2 साइंटिफिक रिपोर्ट प्रकाशित हो चुकी है । डॉ नवीन चंद्र की सफलता पर कुलपति प्रॉफ दीवान सिंह रावत ,कुलसचिव डॉ मंगल सिंह मंद्रवाल ,निदेशक डीएसबी प्रॉफ नीता बोरा शर्मा , डी एस डबलू प्रॉफ संजय पंत ,निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर डॉ ललित तिवारी ,एलुमनी सेल अध्यक्ष डॉ बी एस कालाकोटी ,डॉ एस एस सामंत , डॉ जी सी जोशी ,वनस्पति विजयन विभाग के विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकों के साथ यूटा,कूटा अध्यक्ष प्रॉफ ललित तिवारी ,उपाध्यक्ष प्रॉफ नीलू ,डॉ दीपक कुमार ,महासचिव डॉ विजय कुमार ,डॉ संतोष कुमार ,डॉ पैनी जोशी ,प्रॉफ अनिल बिष्ट , डॉ उमंग ,डॉ सीमा चौहान , डॉ दीपिका पंत , यूटा के संयोजक प्रॉफ प्रवीण शर्मा , डॉ शिवांगी चन्याल,डॉ दीपाक्षी जोशी ,डॉ रितेश साह ,डॉ युगल जोशी , सहित विभागाध्यक्ष अल्मोड़ा वनस्पति विज्ञान डॉ धनी आर्य ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है ।

News कॉर्नर

### 56 वर्षीय पर्यटक की सांस रुकने से मौत

**नैनीताल ।** छत्तीसगढ़ से नैनीताल घूमने आए 56 वर्षीय पर्यटक को सांस लेने की दिक्कत के चलते तबियत बिगड़ गई,वहीं जिला अस्पताल में उपचार के दौरान पर्यटक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक रायपुर छत्तीसगढ़ निवासी अशोक कुमार गोलचा (56) दो दिन पहले नैनीताल घूमने आए थे, वह नैनीताल के एक होटल में ठहरे हुए थे। इस दौरान सोमवार की शाम से उनको सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। दिक्कत अधिक होने पर उनके परिचित उनको राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल ले आए। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। मामले में जिला अस्पताल की प्रभारी पीएमएस डॉ. द्रौपदी गर्ब्याल ने बताया कि अशोक कुमार गोलचा छत्तीसगढ़ से घूमने नैनीताल आए हुए थे, उनको सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। पूर्व से ही उनको सांस की दिक्कत थी। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### फरार कैदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** उप कारागार हल्द्वानी में निरूद्ध विचाराधीन बंदी के फरार होने के मामले में जेल अधीक्षक ने कोतवाली में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर में जेल अधीक्षक ने बताया है कि रोहित पुत्र मनीपाल निवासी चौतीगांव, थाना आईटीआई, जनपद ऊधम सिंह नगर एक मामले में 26 जनवरी 2025 से उप कारागार हल्द्वानी में निरूद्ध था। 18 फरवरी को बंदी के स्वास्थ्य में अचानक गिरावट आने पर कारागार के प्रभारी चिकित्साधिकारी के परामर्श पर उसे सुबह 1:19 बजे जेल बंदी रक्षकों की अभिरक्षा में डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय, हल्द्वानी भेजा गया। चिकित्सालय के एमरजेंसी वार्ड में उपचार के दौरान बंदी रोहित ने 18 फरवरी 2025 की सुबह करीब 8 बजे चकमा देकर फरार हो गया। जेल अधीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने फरार कैदी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गौला पुल रेलवे क्रॉसिंग क्षतिग्रस्त मार्ग के लिये 148.48 लाख मंजूर

**देहरादून**

हमारे संवाददाता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत राज्य पुलिस बलों का आधुनिकीकरण के मानक मद 40 में प्राविधानित ? 2.00 करोड़ धनराशि की स्वीकृत करने हेतु अनुमोदन किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद देहरादून के विधानसभा क्षेत्र मसूरी के वार्ड संख्या 05 धोरणखास के विभिन्न मार्गो का डी.बी.एम.बी.सी द्वारा सतह लेपन एवं साईनेज का कार्य हेतु ?243.91 लाख की धनराशि स्वीकृत करने हेतु अनुमोदन किया है। मुख्यमंत्री ने गढ़वाल में चलकुड़िया-मसमोली-सकनोली-नौखोली मोटर मार्ग के प्रस्तावित नाम को शहीद मंदीप सिंह नेगी मोटर मार्ग, सिसल्डी-मंझोला मोटर मार्ग के प्रस्तावित नाम को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोटर मार्ग, बाडियूँकैंण्डूल तल्ला-कैण्डूल मल्ला उतिण्डा (मस्टखाल-पुलासूं-उतिण्डा मोटर मार्ग के प्रस्तावित नाम को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तुला सिंह रावत मोटर मार्ग के नाम किये जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन किया है। मुख्यमंत्री ने राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र-लालकुआं के वनभूलपुरा रेलवे कसिंग से गौलापुल तक गौला नदी के अत्यधिक पानी के बहाव के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का पुन: निर्माण एवं सतह सुधार का कार्य हेतु ? 148.48 लाख की धनराशि स्वीकृत करने, जनपद अल्मोडा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अन्तर्गत गोलूछीना-गल्ली-वस्यूरा-गोविन्दपुर मोटर मार्ग को जोड़ने हेतु चीनूना गाड के ऊपर 15 मी0 विस्तार के आर.सी.सी पुल का निर्माण कार्य हेतु। 121.83 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन किया गया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय कारागार / सम्पूर्णानन्द शिविर, सितारगंज के द्वितीय चरण में टाईप-द्धद्ध के 30 आवासों का निर्माण कार्यों हेतु ? 929.12 लाख एंव जिला कारागार, अल्मोड़ा में टाईप आईवी के 02, टाईप ।।। के 04 एवं टाईप द्धद्ध के 24 आवासीय भवनों के निर्माण कार्यों हेतु 997.41 लाख की धनराशि स्वीकृत करने पर अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत जनपद हरिद्वार के अन्नेकीपुर-हेत्तमपुर में निर्माणाधीन आवासीय परियोजना हेतु सिडकुल की ओर से परियोजन स्थल तक के मार्ग एवं नाली निर्माण हेतु ? 336.60 लाख की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री घोषणा के अन्तर्गत जनपद चमोली के विकासखण्ड गैरसैण में सारकोट भराडीसैण मोटर मार्ग के कि.मी. 6 से 11 में सुधारीकरण एवं डामरीकरण का निर्माण कार्य हेतु ? 403.41 लाख की धनराशि स्वीकृत पर अपना अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने टनकपुर बस टर्मिनल निर्माण परियोजना निर्माण कार्य हेतु ? 23774.45 लाख (पूर्व स्वीकृत लागत ? 5590.70 लाख को शामिल करते हुए) की धनराशि स्वीकृत करने हेतु अनुमोदन किया है। मुख्यमंत्री ने 'स्वान उत्तराखण्ड क्षेत्रीय विस्तार नेटवर्क के संचालन एवं रख-रखाव के कार्य हेतु ? 5238.15 लाख की धनराशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री ने नाबार्ड से नई परियोजनाओं के वित्तपोषण के क्रम में राज.पाली. द्वाराहाट, राज.पाली गंणाई-गंगोली तथा राज0पाली0 पोखरी में भवन निर्माण कार्यों हेतु सकल धनराशि ? 1982.795 लाख अवमुक्त किये जाने हेतु अपना अनुमोदन किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद चमोली के अन्तर्गत कर्णप्रयाग में ऑटोमेटड ड्राईविंग टेस्ट ट्रैक के निर्माण कार्य हेतु ? 453.63 लाख की धनराशि स्वीकृत करने हेतु अनुमोदन किया है।

# अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में समुचित सफाई न किए जाने पर कार्रवाई के दिए निर्देश

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा विगत दिनों गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सपन्न राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह के उपरांत मैदान एवं परिसर की समुचित सफाई न किए जाने का त्वरित संज्ञान लेते हुए तत्काल कुमाऊँ आयुक्त को स्टेडियम का निरीक्षण करते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में आयुक्त कुमाऊँ व सचिव मुख्यमंत्री ने विभिन्न अधिकारियों के साथ अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार का निरीक्षण कर अधिकारियों को इस संबंध में कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा कि स्टेडियम में जहां-जहां टूट-फूट आदि हुई है उन सभी स्थानों में मरम्मत कार्य के साथ ही साफ सफाई आदि की सभी व्यवस्थायें इवेंट मैनेजमेंट द्वारा की जायेगी तभी सत्यापन प्रमाण पत्र दिया जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा दिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि स्टेडियम की साफ सफाई नगर निगम के द्वारा की गई है और लगभग 20 ट्रक कूडा डम्पिंग ग्राउन्ड में डाला गया है साथ ही उन्होंने बताया कि इवेंट मेंनेजमेंट द्वारा श्रमिक काफी कम लगाये गये थे जिससे सफाई व्यवस्था नही हो पाई थी लेकिन नगर निगम के श्रमिकों ने सम्पूर्ण स्टेडियम की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त किया गया। कुमाऊँ आयुक्त ने नगर आयुक्त हल्द्वानी को निर्देश दिये कि नगर निगम के जो श्रमिक सफाई व्यवस्था में थे उनके मानदेय के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में व्यय इवेंट मैनेजमेंट द्वारा दिया जायेगा। आयुक्त दीपक रावत ने अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में शौचालय,फुटबाल स्टेडियम, स्विमिंग पूल, पार्किंग क्षेत्र के साथ ही स्टेडियम के सभी क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। इसके पश्चात स्टेडियम में फेनिंसिग फैंसिंग के फाइनल के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्टेट एपी बाजपेयी, नगर आयुक्त ऋचा सिंह, उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा, उपनिदेशक खेल राशिका सिद्दिकी के साथ ही अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए निर्देश

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में जनपद के राजकीय विद्यालयों के परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में चाइल्ड फ्रेन्डली फर्नीचर एवं पेंटिंग आदि कराये जाने के सम्बन्ध में कैम्प कार्यालय में बैठक आयोजित हुई।

उन्होंने अधिशासी अधियंता ग्रामीण निर्माण विभाग को निर्देश दिये कि राजकीय विद्यालयों के परिसर में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में चाइल्ड फ्रेन्डली फर्नीचर, बाला फीचर्स, पेंटिंग, आउट डोर प्ले मेटिरियल आदि कार्य कराये जाने है, इसके लिए ई-टेंडर करते हुए मार्च तक कार्य पूर्ण कराना सुनश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य हो उसमे गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे। उन्होने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्य कराते समय इसका विशेष ध्यान रखे कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों का लुक एक समान हो। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, मुख्य कोषाधिकारी डॉ0 पंकज कुमार शुक्ल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, जिला शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र मिश्रा, अधिशासी अभियंता ग्रामीण निर्माण विभाग अमित भारतीय आदि मौजूद थे।



# बाईक सवार युवक को कार ने रौंदा, मौत

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

एक दर्दनाक हादसे में शादी से करीब दस दिन पहले एक युवक को मौत ने अपनी आगोश में समेट लिया। जिससे घर की खुशियां मातम में बदल गई। युवक अपनी शादी के कार्ड बांटने के लिए बाईक पर सवार होकर जा रहा था कार चालक ने उसे टक्कर मार दी। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र नेताजी सुभाष कालोनी निवासी 23 वर्षीय लक्की देव पुत्र छेदालाल सिडकुल की एक कम्पनी में काम करता था। उसकी आगामी 1 मार्च को शादी होनी थी। जिसकी तैयारियों के सिलसिले में वह बाईक पर सवार होकर गत सायं अपनी शादी के कार्ड बाँट रहा था। मंगलवार की रात जब वह आवास विकास शक्ति बिहार रोड पर पहुंचा तभी तेज गति से जा रही कार के अज्ञात चालक ने उसकी बाईक को जोर से टक्कर मार दी। जिससे लक्की देव गंभीर रूप से घायल हो गया। राह गुजरते लोगों ने उसे उपचार के लिए तुरंत जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक लक्की देव चार भाईयों में दूसरे नंबर का था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर एसआई डीसी भट्ट और एसआई रमेश चंदौला ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लिया और शव को पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



### काठगोदाम क्षेत्र से महिला लापता

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थाना क्षेत्र के हल्दीखाल जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा से एक महिला संदिग्ध हालत में लापता हो गई है। महिला के पति ने काठगोदाम थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। हल्दीखाल जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा निवासी खीमानन्द भट्ट ने काठगोदाम थाने में दी तहरीर में कहा है कि उसकी 34 वर्षीय पत्नी सीमा भट्ट बीती 11 फरवरी को बिना किसी पूर्व सूचना के घर से कहीं चली गईं।

# साफ और स्वच्छ हल्द्वानी मेरी प्राथमिकता:गजराज

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

महानगर का विकास और साफ और स्वच्छ हल्द्वानी मेरी प्राथमिकता है इसके लिये सभी 60 पार्षद और आम जनता के सहयोग से प्रयास करूँगा। यह बात महापौर गजराज बिष्ट ने कहीं।

मेयर गजराज बिष्ट लगातार ताबड़तोड़ एक्शन में जुटे हुए हैं, उनके द्वारा, हल्द्वानी के मंगल पड़ाव, मछली बाजार और वर्कशॉप लाइन में नगर निगम की खाली पड़ी जमीनों का



स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त ऋचा सिंह और सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट सहित नगर निगम की टीम मौजूद रही। इस दौरान नगर निगम क्षेत्र में खाली पड़ी जमीनों पर फड बाजार, पार्किंग और गोदाम सहित अन्य जनहित के कार्यों को करने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए मेयर गजराज बिष्ट ने बताया कि नगर निगम की आय बढ़ाने और जनता को सुविधा पहुंचाने की दृष्टि से लगातार निरीक्षण किए जा रहे हैं। साथ ही हल्द्वानी को सुंदर और सुसज्जित हल्द्वानी बनाने के लिए अतिक्रमण हटाने का अभियान भी लगातार जारी है। इसलिए शहर के लोगों का और सभी वर्गों के समाज का उनका साथ चाहिए जिससे कि हल्द्वानी शहर को सुंदर शहर बनाया जा सके।

# बागजाला क्षेत्र के समस्याओं के समाधान को लेकर डीएम वंदना से मिले

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अखिल भारतीय किसान महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को बागजाला (गौलापार) की ज्वलंत समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह से मिला।

बता दें कि बागजाला में रुके हुए विकास कार्यों, निर्माण कार्यों तथा जल जीवन मिशन की रुकी हुई पाइप लाइन तथा रोकी गई सीसी सडक़ को शुरू करने और आगामी पंचायत चुनावों में बागजाला को पुन: शामिल किए जाने को लेकर जिलाधिकारी के सम्मुख अपना पक्ष रखा गया। प्रतिनिधिमंडल के मुताबिक जिलाधिकारी वंदना सिंह ने सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान किसान महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि बागजाला (गौलापार) में आजादी से पहले से लोगों की बसासत रही है। वर्ष 1978 में तत्कालीन उप्र सरकार द्वारा बागजाला के ग्रामीणों को पट्टे दिए गए थे, उसके बाद शासन-प्रशासन ने जन सुविधाओं को बढ़ाते हुए यहाँ नहर, गूल, स्कूल तथा बिजली पोल व सडक़ बनवाए और आंगनबाड़ी भी खुलवाई। संविधान के तहत प्राथमिक स्तर के लोकतंत्र यानी ग्राम पंचायत के चुनाव भी यहाँ करवाए गए। देवला तल्ला ग्राम पंचायत से जोड़ते हुए 7 बार यहाँ ग्राम पंचायत के चुनाव शासन.प्रशासन द्वारा करवाए गए। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल-जल का भी काम यहाँ शुरू हुआ था। होना तो चाहिए था कि गरीब व दलित बहुसंख्यक आबादी वाले बागजालावासियों को शासन.प्रशासन और ज्यादा सुविधाएं मुहैया कराता जोकि यहां कि जरूरत है लेकिन पहले वर्ष 2019 में बागजाला को ग्राम पंचायत से बाहर किया गया उसके बाद यहां विकास कार्य रोक दिए गए। लोग पुराने घरों को समयानुसार नया बनाना चाह रहे थे लेकिन घरों के निर्माण पर भी रोक लगा दी गयी। जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल योजना का कार्य बीच में ही रोक दिया गया। सडक़ निर्माण का काम भी रोक दिया गया। और तो और विधायक निधि से पास होकर प्रशासन की सहमति से बन रही सीसी सडक़ को भी वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा तोड़ दिया गया। बागजाला ग्राम की सडक़ों की हालत बेहद खराब हो चुकी हैए जिनकी तत्काल मरम्मत की जरूरत है। भाकपा (माले )नैनीताल जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि यह कैसी विडंबना है कि बागजाला के निवासी विधानसभा तथा लोक सभा चुनावों में मतदान कर राज्य और केंद्र सरकार चुनने का अधिकार रखते हैं वे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री चुन सकते हैं किंतु उनके पास अपना प्रधान चुनने का अधिकार नहीं है। वर्ष 2014 के पंचायत चुनाव में बागजाला वासी शामिल थे लेकिन उसके बाद उनको बिना किसी कारण के ग्राम सभा देवलातल्ला पजाया से हटा दिया गया था। जिसके कारण बागजाला के विकास कार्य बाधित हुए हैं और यहां के निवासी पंचायत राज व्यवस्था से अलग थलग पड़ गए हैं।